### पिछले चार महीनों से हत्या के प्रयास केस के बाद से था फरार

# विकास लगरपुरिया गैंग का बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने विकास लगरपुरिया गिरोह के एक वांछित और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित गहलोत पिछले चार महीनों से हत्या के प्रयास केस के बाद से फरार था। आरोपी पांच मामलों में शामिल रहा है। इसके कब्जे से दो देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए है।

रोहित गहलोत छावला थाना इलाके के हत्या के प्रयास मामले में वांछित था। दरअसल शिकायतकर्ता हिमांशु ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गत वर्ष 30 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे वह रवि, रोहित भारद्वाज व कई अन्य रिश्तेदारों दोस्तों के साथ अपने चचेरे भाई रोहित का जन्मदिन मना रहा था। आयोजन पार्टी खाटू श्याम चौक, श्याम विहार, फेज 1, नजफगढ़ स्थित इनके ऑफिस में था। लगभग आधी रात को जब वे केक काट रहे थे आरोपी धारे एक सफेद स्कॉर्पियो कार में तीन चार साथियों के साथ वहां आया और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। जवाब में हिमांशु और अन्य लोग उनसे भिड़ने के लिए ग्रुप के पास पहुंचे। उस समय आरोपी रोहित गहलोत ने एक गोली चलाई जो रोहित भारद्वाज की कमर के पास लगी। इसके बाद हमलावर उन्हें धमकी देकर मौके से भाग गए। इस घटना में विकास लगरपुरिया गिरोह के सदस्य शामिल थे। विशेष रूप से धरा उर्फ धारे, अमित उर्फ मित्ता, संदीप उर्फ बिल्ला और रोहित गहलोत जिन्होंने क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए गोली चलाई थी। मुरथल, हरियाणा से आरोपी रोहित गहलोत को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त मामले में इसके खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किये गये थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इस्तेमाल किए गए अवैध हथियार पपरावट गांव के पास एक फार्महाउस के पास जमा किए गए थे। इसकी निशानदेही पर दो देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। रोहित दीनपुर गांव निवासी धारे के संपर्क में आने के बाद आपराधिक गतिविधियों में शामिल हुआ था।

# क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले तीन बुकी किए अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन बुकी अरेस्ट किये गये हैं। 5 मार्च को लाहौर में खेले गए साउथ अफ्रीका न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच पर कर्मपुरा में सट्टा लगाया जा रहा था। इनके पास से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का भी बड़ा जखीरा जब्त किया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार टीम को कर्मपुरा इलाके में चल रहे एक सुनियोजित अवैध सट्टा रैकेट का पता चला था। कार्रवाई में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम मनीष साहनी (42) निवासी इंदिरा विहार, मुखर्जी नगर, योगेश कुकरेजा (31) निवासी इंदिरा विहार, मुखर्जी नगर और सूरज (24) निवासी हकीकत नगर, दिल्ली पता चलें। इनके कब्जे से विभिन्न खातों में जमा 22,62,136 रुपये, एक सहायक साउंड बॉक्स (वॉयस रिकॉर्डिंग के लिए प्रयुक्त), एक लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी तथा कई नोटपैड और सट्टेबाजी की पर्चियां जब्त की गई हैं। 5 मार्च को लाहौर, पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच पर सट्टा लगाया जा रहा था। पूछताछ करने पर पता चला कि मनीष साहनी मुख्य आयोजक था, जो सिंडिकेट के पहले स्तर पर काम करता था। उसने सट्टेबाजी में भाग लेने वालों की वॉयस बातचीत रिकॉर्ड की और बैंक खातों या नकद लेनदेन के माध्यम से लेनदेन का प्रबंधन किया। उसने आगे खुलासा किया कि वह बिचौलियों को शामिल नहीं करता था और सट्टेबाजी के संचालन को पूरी तरह से अपने स्तर पर नियंत्रित करता था। क्राइम ब्रांच रैकेट में अन्य सहयोगियों की संलिप्तता की सक्रियता से जांच कर रही है। इस संगठित अपराध नेटवर्क में किसी भी अतिरिक्त लिंक का पता लगाने के लिए वित्तीय ट्रेल की भी जांच की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर उनका कुशल मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उनसे दिल्ली के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस बात की जानकारी प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। प्रवेश वर्मा ने एक्स पर लिखा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से आज मुलाकात कर उनका कुशल मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान उनसे दिल्ली के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। अपना बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आपका धन्यवाद।

# महिला को डिजीटल अरेस्ट कर बनाया ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ ब्लैकमेलिंग, ड्रग्स तस्करी और वेश्यावृत्ति करवाने का आरोप लगाकर की गई ठगी

द्वारका इलाके में रहने वाली एक गृहणी को डिजीटल अरेस्ट कर ठगे जाने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने महिला को ब्लैकमेलिंग, ड्रग्स तस्करी और वेश्यावृत्ति करवाने का आरोप लगाकर डराया और फिर करीब 78 हजार रुपये का चूना लगाया। ठगों ने महिला को डराने के लिये गृहमंत्री के नाम का भी सहारा लिया। उनसे कहा गया कि मामले की निगरानी खुद गृहमंत्री कर रहे हैं।

डिजीटल अरेस्टिंग का यह मामला द्वारका साइबर थाने में दर्ज किया गया है। 43 वर्षीय शिकायकर्ता महिला ने बताया कि वह नजफगढ़ में रहती है। गत वर्ष आठ अक्टूबर को उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने दूरसंचार विभाग से होने का दावा किया। उनसे कहा गया कि आपका मोबाइल नंबर ब्लैकमेलिंग, ड्रग तस्करी और वेश्यावृत्ति जैसे गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। इसलिये आपका नंबर जल्द ही ब्लॉक कर दिया जाएगा। साथ ही उन्हें दो घंटे में मुंबई पुलिस स्टेशन में उपस्थित होने के लिये कहा गया। महिला ने कहा कि वह इतने कम समय में मुंबई नहीं पहुंच सकती। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिये ऑनलाइन जांच करने को बोला गया। कॉलर ने हवाला दिया कि यह संवेदनशील मामला है। खुद गृहमंत्री अमित शाह मामले को देख रहे हैं। महिला को सख्त हिदायत दी गई कि वह अपने परिवार को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दें, वरना परिवार के लोग भी खतरे में पड़ जाएंगे। साथ ही महिला को कमरे में अकेले रहने और हर घंटे अपडेट देने को कहा गया। महिला को बार बार आश्वासन दिया गया कि मामला सुलझा लिया जाएगा। महिला को व्हाट्सएप पर कई नोटिस भी भेजे गये। वे असली दस्तावेज जैसे थे। बाद में महिला को सीबीआई की प्रोसेसिंग फीस जोकि रिफंडेबल थी देने के लिये कहा गया। महिला ने डर व बदनामी की वजह से 77 हजार 988 रुपये ठगों के बताये अकाउंट में ट्रांसफर कर दिये। ठगी का एहसास होने पर महिला ने साइबर पुलिस को इसकी शिकायत दी। पुलिस ठगों के नंबरों और बैंक अकाउंट की डिटेल्स की मदद से उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### संपत्ति कर भुगतान न करने पर 12 संपत्तियां अटैच

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने सिविल लाइंस जोन के समयपुर बादली और स्वरूप नगर इलाकों में संपत्ति कर न चुकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 12 संपत्तियां अटैच करने का दावा किया है। निगम, कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी संपत्ति मालिकों और कब्जाधारियों से 31 मार्च, 2025 तक अपना बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने का आग्रह करती है। किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए, करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करें। करदाताओं की सुविधा हेतु निगम के सभी जोनल कार्यालयों और मुख्यालय स्तर संपत्ति कर कार्यालय 31 मार्च, 2025 तक सभी शनिवारों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे।

# बरेली में छापा मारकर ड्रग सिंडीकेट का सक्रिय मेंबर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा की एएनटीएफ टीम ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के बरेली से छापा मारकर ड्रग सिंडिकेट के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम निजामुद्दीन उर्फ निजाम है। यह गिरफ्तारी 5 जनवरी को जीटीबी अस्पताल, दिलशाद गार्डन के पास से पकड़े गये लल्ला बाबू की निशानदेही पर हुई। लल्ला बाबू से 502 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। जांच में पता चला था कि लल्ला बाबू बरामद हेरोइन को नंद नगरी निवासी विजय उर्फ दैनी और जितेश उर्फ जीतू को पहुंचा रहा था। इसके बाद जितेश को 125 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं विजय उर्फ दैनी की कार से 99 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। हालांकि, आरोपी विजय अभी भी फरार है।

पुलिस के अनुसार बरामद प्रतिबंधित पदार्थ के प्राथमिक स्रोत के रूप में निजामुद्दीन उर्फ निजाम पहचाना गया था। वह गिरफ्तारी से बच रहा था। जमानत हासिल करने के उसके प्रयासों के बावजूद जिला अदालत और उच्च न्यायालय दोनों ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। हाल ही में निजामुद्दीन को श्याम लाल कॉलेज, शाहदरा के पास से गिरफ्तार किया गया। वह वेलकम एरिया में एक व्यक्ति से मिलने का प्रयास कर रहा था। आरोपी निजामुद्दीन बरेली का रहने वाला है। तस्करी के आगे के स्रोतों का पता लगाने और सभी शामिल व्यक्तियों को पकड़ने के लिए पुलिस की जांच जारी है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दिल्ली के विधायकों को सिखाएंगे विधायी गुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नवनिर्वाचित विधायकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 18 मार्च को

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दिल्ली के विधायकों को विधायी ज्ञान देंगे। दरअसल दिल्ली विधानसभा ने नवनिर्वाचित विधायकों के लिए 18 मार्च 2025 को एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। यह कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अवसर होगा। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय आचरण और शासन प्रणाली की जानकारी देना है। इंटरैक्टिव सत्रों, विशेषज्ञ चर्चाओं और ज्ञान-विनिमय मंचों के माध्यम से यह कार्यक्रम विधायकों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों की बेहतर समझ प्रदान करेगा, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस पहल के बारे में बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधायकों को उनकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। यह उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, विधायी मसौदे और सार्थक बहसों के महत्व को समझने में मदद करेगा।

# गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने वाला होगा दिल्ली बजट : रविन्द्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ समाज कल्याण मंत्री ने आगामी बजट को लेकर सचिवालय में की प्रबुद्ध जनों से चर्चा

दिल्ली का आगामी बजट गरीबों और वचिंतों को सशक्त बनाने वाला होगा। यह बात शनिवार को दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने सचिवालय में प्रबुद्धजनों से संवाद करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजनों और दिल्ली वासियों के सुझाव को शामिल कर दिल्ली बजट तैयार किया जा रहा है। मंत्री रविंद्र ने दिल्ली विश्विद्यालय के प्राध्यापकों, समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण से जुड़ी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अन्य प्रबुद्धजनों से संवाद कर उनके सुझाव जाने। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो योजनाएं चल रही हैं उन्हें जनता का खूब आशीर्वाद मिला है। अब उनके नेतृत्व में विकसित दिल्ली बजट में दिल्ली वासियों के लिए नये उपहारों और राहतों को लाने की तैयारी की जा रही है। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि विभाग को मिल रहे सुझावों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अवगत कराया जा रहा है। संवाद में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं, रोजगार सृजन, पेंशन, सहकारिता से जुड़ी योजनाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर सुझाव आये। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि गरीब, वंचित, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों कों आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर ही विकसित दिल्ली का लक्ष्य पूरा किया जा सकता है इसलिए इस दिशा में आये सुझावों कों शामिल कर बजट को जन उपयोगी बनाया जाएगा।

### चार वाहन चोरों से 11 दुपहिया वाहन बरामद

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की पुलिस ने चार वाहन चारों को गिरफ्तार किया है। इनसे 11 दोपहिया वाहन बरामद किए गये। पकड़े गये वाहन चारों के नाम सनी यादव उर्फ विकास, अमित कुमार, विशाल और रोहित है। बरामद वाहनों में चार चोरी की मोटरसाइकिल और सात स्कूटी शामिल है। पुलिस के अनुसार सनी यादव पहले आठ, अमित कुमार 10, विशाल एक और रोहित छह आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश उर्फ चुन्नु** पुत्र **केदारनाथ** निवासी **ई–463, गली नं. 19, खजूरी खास, दिल्ली** ने case **FIR No. 519/14 U/s 420/411/34 IPC, थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मुकेश उर्फ चुन्नु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश उर्फ चुन्नु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 519/14 U/s 420/411/34 IPC, थाना भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश उर्फ चुन्नु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**कमरा नं. 101, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2941/NW/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गणेश चंद दिवेदी पुत्र रमाकांत दिवेदी निवासी म.नं. 439/12ए हरि नगर एक्स. जैतपुर नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **610/2022, अन्तर्गत धारा 323/341/34 आईपीसी के तहत् थाना जैतपुर, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश चंद दिवेदी** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश चंद दिवेदी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **610/2022, अन्तर्गत धारा 323/341/34 आईपीसी के तहत् थाना जैतपुर, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गणेश चंद दिवेदी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों। आदेशानुसार

**सुश्री छवी बंसल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
दक्षिण-पूर्व जिला न्यायालय
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/2105/SE/2025**
**(Court Matter)**

### गुप्ता ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित बिजनेस कान्क्लेव 2025 को किया संबोधित

# भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है: विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीरामराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित बिजनेस कान्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे भारत की बात करने के लिए एकत्र हुए हैं जो अवसरों की धरती होने के साथ -साथ सेंटर फॉर इनोवेशन है और विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है। भारत सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। गुप्ता ने कहा कि बिज़नेस कॉन्क्लेव 2025 हमारे कॉलेज का प्रतिष्ठित वार्षिक प्रबंधन उत्सव है, जिसे एशिया के सबसे बड़े स्नातक प्रबंधन उत्सवों में से एक माना जाता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रिसिपल प्रो. सिमरित कौर को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की भी बेहद खुशी है कि हमारे कॉलेज को अब तक कई महान हस्तियों की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिनमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं प्रणब मुखर्जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली, तिब्बत के 14वें दलाई लामा, प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, आदि गोदरेज, सुंदर पिचाई, संदीप सिंह, कपिल शर्मा और सुरेश रैना सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र में अरबों डॉलर के अवसर मौजूद हैं। हमारे पास 1.4 अरब लोगों की विशाल जनसंख्या है।इसका मतलब है कि हर व्यापार के लिए ग्राहक पहले से मौजूद हैं। यही कारण है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत आज एआई अपनाने में अग्रणी है, जहां 80 प्रतिशत कंपनियां इसे अपनी प्राथमिक रणनीति के रूप में देख रही हैं। बीते 10 वर्षों में, हर दिन 50 स्टार्टअप्स भारत में पंजीकृत हुए हैं, और हर महीने एक नया यूनिकॉर्न स्टार्टअप जन्म ले रहा है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि एक नए भारत की कहानी है। यदि हम तकनीकी विकास की बात करें तो पिछले वर्ष भारत ने हर दिन 300 पेटेंट फाइल किए, जबकि 2014 में यह संख्या सिर्फ 11 थी। आज भारत वैश्विक डिजिटल भुगतान में 46 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नेतृत्व कर रहा है और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार बन चुका है। इसके अलावा, भारत ने जी20 और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को सबसे पहले पूरा करके दुनिया को दिखा दिया कि हम न केवल विकास कर रहे हैं, बल्कि एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

#### महिला सशक्तिकरण में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा

विकास में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए गुप्ता ने कहा कि भारत की प्रगति केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है, और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत अब महिला विकास से महिला-नेतृत्व में विकास की ओर बढ़ रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। 2019 में सबसे अधिक 78 महिला सांसद लोकसभा में चुनी गईं। महिला सशक्तीकरण केवल राजनीति तक सीमित नहीं है। भारत में महिला स्टार्टअप संस्थापकों की संख्या 2017 में 10 प्रतिशत थी, जो 2022 में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई। भारत दुनिया में सबसे अधिक महिला पायलट (15 प्रतिशत) रखने वाला देश बन चुका है। भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र में सबसे बड़ा महिला शांति रक्षक दल भेजा है और 10,400 से अधिक महिला अधिकारी भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा दे रही हैं, जो 2015 की तुलना में 3.5 गुना वृद्धि है। शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव देखने को मिल रहा है—आज एसटीईएम में लगभग 50 प्रतिशत प्रवेशार्थी लड़कियां हैं, और महिला पीएचडी स्कॉलर्स की संख्या 2.3 गुना बढ़कर 99,000 हो गई है।

## हम लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई में तेजी लाने के लिए है एकजुट : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। इस अवसर पर एलजी ने अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर पोस्ट की और लिखा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने लिखा कि दिल्ली ने हाल ही में मुख्यमंत्री के साथ-साथ विपक्ष की नेता के रूप में महिलाओं को रखने का अनूठा गौरव हासिल किया है। यह हमारी प्रगतिशील यात्रा की अद्भुत कहानी कहता है, साथ ही इससे लैंगिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिलेगी। एलजी ने लिखा कि मानवता के बेहतर आधे हिस्से (आधी आबादी) को मेरी शुभकामनाएं, क्योंकि हम आगे बढ़ रहे हैं।

## डीडीए सहित विभिन्न विभागों ने किया नारी शक्ति को नमन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से लेकर अन्य विभागों ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए नारी शक्ति को नमन किया। डीडीए ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की शक्ति से सशक्त समाज बनता है। आइए, साथ मिलकर समानता और सशक्तिकरण की राह बनाएं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं। इस अवसर पर डीडीए ने सिंगल विंडों कैम्पों में कई महिलाओं को उनके घर के कागजात सौंपें। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने महिलाओं के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या यानी 7 मार्च 2025 को प्रकृति पार्क में एक आयोजन किया। जबकि डीएमआरसी महिलाओं के लिए पहले से ही क्विज व अन्य कार्यक्रम चलाता आ रहा है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को सलाम कहा है।

### सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला

# दिल्ली सरकार ने 'महिला समृद्धि योजना' को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की महिलाओं को उपहार देते हुए अपने किए वादे के अनुसार महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के लिए दिल्ली मंत्रिमंडल ने 5100 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी है। वहीं इस योजना के कार्यान्वयन के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा शामिल है।

गौरतलब है कि शनिवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिल्ली की गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए की वित्तीय सहायता देकर ,महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना




चुनावों के दौरान हमारे संकल्प पत्र 'विकसित दिल्ली संकल्पपत्र' को दिल्ली की महिलाओ के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करता है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह महिलाओं, विशेष रूप से गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता और सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना को मंजूरी मिलने के साथ ही दिल्ली सरकार ने संकल्प पत्र में उल्लेखित अपनी प्रतिबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिससे महिला कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता, और मजबूत हुई है।

योजना की पारदर्शिता, दक्षता और धन के निर्बाध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेगी। और इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। लाभार्थियों को प्रमाणित करने के लिए आधार-आधारित ई-केवाईसी सत्यापन का उपयोग किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वित्तीय सहायता केवल उन लोगों तक पहुंचे जो पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, लीकेज और दुरुपयोग को रोकने के लिए मजबूत डिजिटल भुगतान तंत्र लागू किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया सुरक्षित, परेशानी मुक्त और सभी लाभार्थियों के लिए आसानी से सुलभ हो जाएगी।

## समग्र सामाजिक विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि समग्र सामाजिक विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी चाहिए और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शालीमार बाग में स्थित फोर्टिस अस्पताल द्वारा आयोजित समानता वॉकथॉन को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि दिल्ली को देश का सबसे विकसित स्वास्थ्य केंद्र बनना चाहिए। हर नागरिक को सुविधाजनक चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए और किसी को भी सही उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनसे अपने स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसा भविष्य बनाएं, जहां लैंगिक समानता सिर्फ एक लक्ष्य न हो, बल्कि एक जीवंत वास्तविकता हो। 'वॉकथॉन' में लगभग 400 लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा एक 'महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम' भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य चुनौतियों, कार्यस्थल समानता और समावेशी विकास पर चिकित्सकों के साथ एक पैनल चर्चा की गई। 'फोर्टिस' हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आशुतोष रघुवंशी ने स्वास्थ्य सेवा में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और समावेशी व न्यायसंगत कार्य वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डीएमआरसी ने बालिकाओं के लिए शुरू किया उड़ान बालिका गृह

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बालिकाओं को सौगात देते हुए उड़ान बालिका गृह की शुरुआत की है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने इस बालिका गृह का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। वहीं दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास बनाए गए इस बालिका गृह के उद्घाटन स्थल पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार व उनकी धर्मपत्नी सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए तोखन साहू ने कहा कि मुझे खुशी है कि डीएमआरसी और सलाम बालक ट्रस्ट ने लड़कियों के लिए एक सुरक्षित और पोषण गृह बनाने के लिए एक साथ काम किया है। यह पहल उन्हें सुरक्षा, शिक्षा और एक आशाजनक भविष्य के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। यह सराहनीय है कि यह गृह उन युवा लड़कियों का समर्थन करेगा, जिन्होंने कम उम्र में ही बहुत कठिनाइयों का सामना किया है। इस पहल के साथ, वे अब बिना किसी डर के सपने देख सकती हैं। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए बेसहारा बालिकाओं के लिए उड़ान बालिका गृह की शुरुआत की गई है। यह 5 से 18 वर्ष की आयु की बेसहारा लड़कियों की देखभाल करता है। डीएमआरसी द्वारा बनाया गया उड़ान गृह पूरी तरह सुरक्षित, पोषण और समृद्ध वातावरण प्रदान करने वाला है जिसे बनाकर सलाम बालक ट्रस्ट को हस्तांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण 3,142 वर्ग मीटर के क्षेत्र में किया गया है, जिसमें गर्ल्स होम को इसके निवासियों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक भलाई सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। आवास और रहने के लिए 96 बिस्तरों की क्षमता वाले चार छात्रावास, दस बिस्तरों वाली दिव्यांग बच्चों के लिए एक समर्पित छात्रावास, एक आठ बिस्तरों वाला चिकित्सा कक्ष जिसमें एक संलग्न शौचालय है, और बीमार की विशेष देखभाल के लिए एक कमरा भी अलग से है। यहां बालिकाओं की शिक्षा और कौशल विकास के लिए चार विशाल कक्षाएं, एक पूरी तरह सुसज्जित कंप्यूटर लैब, एक समर्पित पुस्तकालय और नृत्य, रंगमंच और मार्शल आर्ट जैसी पाठ्येतर गतिविधियों के लिए एक गतिविधि हॉल है।

## भाजपा सरकार ने दिल्ली की महिलाओं के लिए 5100 करोड़ रुपये की मंजूरी देकर दिया बड़ा तोहफा : नड्डा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि दिल्ली की जीत में महिलाओं का एक बड़ा योगदान रहा है और आज दिल्ली में अगर भाजपा की सरकार बनी है तो उसमें महत्वपूर्ण रोल यहां की महिलाओं का है इसलिए भाजपा सरकार ने आज शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 5100 करोड़ रुपये का इस साल के लिए महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को देने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए मैं रेखा गुप्ता की सरकार को बधाई देना चाहता हूं। नड्डा ने कहा कि जिस मुख्यमंत्री के आवास में महिला सुरक्षित नहीं थी तो फिर वह दिल्ली को क्या सुरक्षित रखता लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि अब राज्य की महिला मुख्यमंत्री हैं तो पूरी दिल्ली सुरक्षित होगी। उन्होंने कहा कि वह खुद कहते थे कि वह काम चलाऊं मुख्यमंत्री हैं, लेकिन आज मोदी जी ने एक टिकाऊ मुख्यमंत्री बनाकर दिल्ली को दिया है। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने 1952 में जब जनसंघ बना उस वक्त से ही महिला शक्ति को आगे बढ़ाने की बात कही थी और आज उसका परिणाम दिख रहा है।

नड्डा ने कहा कि जब नारी शक्ति का विकास होता है तो दुनिया आगे बढ़ती है। आज देश की जनता के विश्वास से लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों में सबसे ज्यादा सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं। पंचायत से लेकर राष्ट्रपति भवन तक नारी शक्ति नेतृत्व कर रही है, यह हम सब के लिए गर्व का विषय है। इतना ही नहीं आजादी के 75 साल के भारतीय इतिहास में अगर किसी महिला को 8 बार बजट पेश करने का सौभाग्य मिला है तो वह निर्मला सीतारमण को मिला है।

नड्डा ने कहा कि अन्य राज्यों में भाजपा की दो महिला उपमुख्यमंत्री हैं और अब दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला बनी है, यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। यह नारी शक्ति का सशक्तिकरण या आर्थिक सशक्तिकरण का भी रूप है।

उन्होंने बदलते भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि 6 करोड़ एमएसएमई के पंजीकरण में 2.5 करोड़ महिलाओं ने पंजीकरण करवाया है, 1.40 लाख स्टार्ट अप में से 57000 स्टार्ट अप में महिलाएं डायरेक्टर हैं। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। नड्डा ने कहा कि पहले महिलाएं 200 सिगरेट के बराबर धुंआ अपने फेफड़ों में लेकर सुबह का नाश्ता तैयार करती थी लेकिन मोदी सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 12 करोड़ महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देकर इस समस्या का समाधान करने का काम किया है।



**खबर संक्षेप**

### गांजा बेचने वाले दो आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 व क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में



आरोपी आकाश व गौरव को गिरफ्तार किया है। 7 फरवरी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 व सेक्टर 48 की टीम ने क्रमशः गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों के द्वारा गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई। 450 ग्राम गांजा सहित वैरागी चौक व गौरव निवासी गांव चंदावली बल्लभगढ़ फरीदाबाद को 315 ग्राम गांजा सहित आईएमटी कम्पनी एरिया से गिरफ्तार किया गया है।

### हथियार रखने के मामले में आरोपी पकड़ाया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर



30 व क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अलग-अलग मामलों में आरोपी नितेश, अक्षय व विकास को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 मार्च को फरीदाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 देसी कट्टे व 2 जिंदा कारतूस बरामद करके 3 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। नितेश वासी बाबा मोहन कॉलोनी भूपानी फरीदाबाद व अक्षय निवासी मोहन गार्डन दिल्ली को मवई कट खेड़ी पुल से काबू किया है।

### फ्रॉड के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया



कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर 28 के रहने वाली एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2024 को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया, ठग ने घर बैठे पैसे कमाने बारे कहा और अपना नाम भूमि बताया। ठग महिला ने शिकायतकर्ता को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। शिकायतकर्ता को बोला गया कि इन्वेस्ट करने का डबल पैसा प्राप्त होगा, जिसके लालच में आकर पेटीएम व बैंक खाते से 2,18,446 निवेश कर दिए।

## मेयर व पार्षदों के चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों को वोट से वंचित करना संवैधानिक अधिकारों का हननः अध्यक्ष लांबा

**चुनाव आयुक्त से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग**

सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी इसके खिलाफ शीघ्र जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी, वही अध्यक्ष सुभाष लांबा ने राज्य चुनाव आयुक्त से इस सारे प्रकरण की जांच करने की मांग करते हुए इसके जिम्मेदार दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और वोट से वंचित किए गए कर्मचारियों के वोट डलवाने के बाद ही मतगणना करवाने की मांग की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने फरीदाबाद नगर निगम के मेयर व वार्ड पार्षदों के संपन्न हुए चुनाव में चुनावी ड्यूटी में तैनात सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बैलेट पेपर जारी न कर उन्हें उनके वोट डालने से वंचित करने के कृत्य की निंदा की और इसे संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया है। लांबा ने राज्य चुनाव आयुक्त से इस सारे प्रकरण की जांच करने की मांग करते हुए इसके जिम्मेदार दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और वोट से वंचित किए गए कर्मचारियों के वोट डलवाने के बाद ही मतगणना करवाने की



मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के कथन अनुसार मांगने के बावजूद चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को मतदान के लिए बेलेट पेपर उपलब्ध नहीं करवाए गए। उन्होंने बताया कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने अपने क्षेत्रों से बाहर चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों को समय पर बेलेट पेपर दिए थे और उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया था तथा अपने क्षेत्रों में ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने अपने मत का प्रयोग किया था। लेकिन अबकी बार लगातार मांग करने के बावजूद बेलेट पेपर नहीं दिए गए। जिसके कारण चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों की संख्या 100 से लेकर 150 तक हो सकती है और यह वोट कई वार्डों में चुनाव परिणाम को बदल सकते थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बेलेट वोट में कांग्रेस को 70 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्र में बढ़त मिली थी। शायद इसी वजह से फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में कर्मचारियों को वोट से ही वंचित कर दिया गया है। जिसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह व सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने कहा कि सोमवार को कर्मचारियों को वोट से वंचित करने की लिखित शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी को की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की जाएगी। अगर हमारी शिकायत पर ठोस कार्रवाई नहीं की तो जिला कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित कर अगला फैसला किया जाएगा।

**एक्लोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

## शिक्षा, तकनीक और आधुनिक संसाधनों को गांवों तक पहुंचने से ही ग्रामीण क्षेत्र का विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एक्लोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ग्राम विकास सम्मान समारोह और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पंचायतों और शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित कर ग्रामीण विकास में शिक्षा की भूमिका को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में एक्लोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. सुनील वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तभी संभव है जब शिक्षा, तकनीक और आधुनिक संसाधनों को गांवों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने सरकार द्वारा ग्रामीण शिक्षा और डिजिटल इंडिया पहल के तहत चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि अगर पंचायतें इनका सही लाभ उठाएं तो हर गांव में नई तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है।

**ग्रामीण विकास में पंचायतों की अहम भूमिका**



इस कार्यक्रम में सरपंच संगठन फरीदाबाद के प्रधान सूरजपाल ने भी पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं, जैसे कि स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, तभी सफल हो सकते हैं जब पंचायतें सक्रिय रूप से इनका क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतें और शैक्षणिक संस्थान मिलकर कार्य करें तो गांवों में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। इस कार्यक्रम में सरपंच सूरजपाल, मनोज, दिलावर, सुशील नागर, रमेश चंद्र, कप्तान गिरधारी लाल, वेद प्रकाश, रतन सिंह, बलबीर सिंह, मुकेश, सतीश कुमार, ताराचंद भाटी सहित कई सरपंचों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांवों में शिक्षा की स्थिति, महिलाओं की भागीदारी, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जैसी योजनाओं को पंचायत स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोडऩे के लिए पंचायत स्तर पर पहल किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे**

*इस आयोजन के दौरान सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और भविष्य में ग्रामीण शिक्षा एवं विकास को लेकर निरंतर संवाद बनाए रखने की बात कही गई। संस्थान ने यह भी आश्वासन दिया कि वह पंचायतों के साथ मिलकर विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों को लागू करने और युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा।*

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से हुआ निपटाराः सीजेएम रितु यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋतु यादव ने कहा कि शनिवार को हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ माननीय लिसा गिल के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जिला फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित न्यायिक परिसर में सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों का लोगों की आपसी सहमति निपटारा किया गया है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋतु यादव की देखरेख में आज शनिवार को जिला अदालत सेक्टर-12 में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 16 बेंच लगाए गए पुरुषोत्तम कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजेश कुमार यादव अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, विनीत सपरा अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, संदीप कुमार यादव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जिज्ञासा शर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रमणीक कौर जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अविनाश यादव जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आकृति वर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अनिल कुमार जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वीरेंद्र कुमार जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, प्रगति राणा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, निधि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सरिता सोलंकी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, डॉक्टर सारिका न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, पारस चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नीतिका भारद्वाज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की बेंच बनायी गयी। जिनके सामने कुल 52687 केस रखे गए तथा इसमें से कुल 50923 केसों का निपटारा आपसी सहमति से लोक अदालत द्वारा किया गया। इन केसों में मोटर वाइकल दुर्घटना, छोटे-मोटे अपराधिक मामले, चेक बाउंस, बिजली से संबंधित, समरी चालान, श्रमिक विवाद केस, वैवाहिक संबंधित, दीवानी, बैंक रिकवरी, रेवेन्यू निपटारा जैसे मामले शामिल रहे जिनका निपटारा आपसी सहमति से किया गया। इस लोक अदालत में अधिक से अधिक ट्रैफिक चालान से संबंधित केसों का निपटारा किया गया।

## बीच सड़क पर ऑटो ड्राइवर की पिटाई, कार के युवकों ने बोला हमला

**थ्री-व्हीलर से गाड़ी टकराने को लेकर विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बाटा रेड लाइट के पास दो युवकों द्वारा शनिवार शाम करीब 4 बजे एक ऑटो चालक की सरेआम पिटाई करने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित ऑटो चालक नारायण ने बताया कि आरोपी युवकों की इको वैन खुद ही उनके ऑटो से टकराई थी, लेकिन इसके बावजूद दोनों युवकों ने बिना कुछ सुने उस पर हमला कर दिया। ऑटो चालक नारायण के अनुसार बाटा रेड लाइट पर ट्रैफिक के कारण गाड़ियां पास-पास खड़ी थीं। इस दौरान युवकों की इको वैन पीछे हटने के कारण उनके ऑटो से हल्की टच हो गई। हालांकि, वाहन को कोई नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन फिर भी दोनों युवक गुस्से में उतरकर मारपीट करने लगे। नारायण ने बताया कि उन्होंने बार-बार समझाने की कोशिश की कि गलती उनकी नहीं है, लेकिन आरोपियों ने बिना कुछ सुने थप्पड़ और घूंसे मारने शुरू कर दिए। पीड़ित नारायण ने कहा कि इस तरह की घटनाएं ट्रैफिक के दौरान अक्सर होती हैं, लेकिन किसी को इस तरह से पीटना बिल्कुल गलत है।

उन्होंने कहा कि पुलिस में शिकायत करने से भी कोई फायदा नहीं, क्योंकि आमतौर पर पुलिस इस तरह की घटनाओं को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो आरोपियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने घटनास्थल का लिया जायजा**

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीकरी फ्लाईओवर पर नेशनल हाईवे-19 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद शव को अपने कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रवि के रूप में हुई है। रवि डबुआ कॉलोनी का रहने वाला था। वह पलवल में अपनी स्वर्गीय माताजी का नाम फैमिली आईडी या पीपीपी से कटवाने जा रहा था। उसकी मां की चार साल पहले मौत हो चुकी थी। सीकरी फ्लाईओवर पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रवि की मौके पर ही मौत हो गई। रवि की पत्नी और तीन बच्चे हैं। मृतक के भाई नवीन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका



कहना है कि रवि की बाइक में फैमिली आईडी और अन्य जरूरी कागज मौजूद थे। उसकी जेब में मोबाइल फोन भी था, लेकिन पुलिस ने न तो कागजों की जांच की और न ही फोन से संपर्क करने की कोशिश की।

नवीन के मुताबिक, फोन लॉक होने की स्थिति में भी सिम को दूसरे फोन में डालकर संपर्क किया जा सकता था। समय पर सूचना मिलने पर वे रवि तक पहुंच सकते थे। परिजनों की मांग है कि पुलिस हादसे के जिम्मेदार वाहन का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई करे।

**एसटीएफ की जांच में हुआ खुलासा**

## राजेंद्र नगर के पते पर बना था बब्बर खालसा के संदिग्ध आतंकी का फर्जी आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा 6 मार्च को गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के संदिग्ध आतंकी लज़र मसीह का आधार कार्ड गाजियाबाद जिले के दिल्ली से सटे राजेन्द्र नगर के बी -55 पर



पते पर बना है। इस भवन पर शर्मा सदन लिखा है। यह भवन नरेंद्र शर्मा का है जो आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। वहीं उनके पिता एक मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं।

एसटीएफ की जाँच में खुलासा कि आतंकी ने इस पते पर न सिर्फ फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। बल्कि इस पते पर ही अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए भी आवेदन किया था। कहा जा रहा है कि इसके लिए उसने दिल्ली के एक गिरोह से 15 लाख रुपए देने भी तय किए थे।

पड़ताल के लिए उनके आवास पर कुछ मीडियाकर्मी पहुंचे तो परिवार वालों ने कॉल करके 112 के जरिये पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां पहुंचे मीडियाकर्मियों के बारे में छानबीन करके उन्हें बताया कि घर आए लोग मीडिया वाले ही हैं। घर मे मौजूद युवक नीरज ने कहा कि उनका या उनके परिवार का किसी तरह का कोई संबंध पंजाब से नही रहा है। और ना ही वो किसी लजर मसीह नाम के शख्स को जानते हैं। उन्होंने कहा कि 90 के दशक से परिवार इसी मकान में रह रहा है। उन्होंने फर्जी आधार कार्ड बनने पर हैरानी जताई।

**हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ की बैठक संपन्न**

## संघ के अनुरोध पर त्रिभाषा सूत्र को लागू करने पर सरकार को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ फरीदाबाद की बैठक राजकीय कन्या व.मा विद्यालय बल्लभगढ़ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आचार्य बलदेव शास्त्री के द्वारा की गई। हरियाणा सरकार ने संघ के अनुरोध पर नौवीं और दसवीं कक्षा में त्रिभाषा सूत्र को लागू किया गया है। जिसकी जानकारी जिला प्रधान बलबीर शास्त्री ने बैठक में उपस्थित सभी संस्कृत अध्यापकों को दी। इसके लागू होने से संस्कृत भाषा को बढ़ावा मिलेगा वहीं संस्कृत अध्यापकों के पदों की



मांग बढ़ेगी। त्रिभाषा सूत्र के लिए भूतपूर्व शिक्षामंत्री कंवर पाल गुर्जर, संघ के पूर्व राज्य प्रधान राम प्रसाद कौशिक और सतीश कुमार कम्बोज बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने वर्तमान शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा से मिलकर त्रिभाषा सूत्र को लागू कराया। आगामी सत्र 2025.26 में यह त्रिभाषा सूत्र लागू हो जाएगा। बैठक में आचार्य पुरुषोत्तम भारद्वाज, राकेश कुमार शास्त्री, डॉ. मनुबोध, नरेश शास्त्री, शिवेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, रघु वत्स, कमल दीक्षित, वासुदेव, संजय और दिशा पंवार आदि अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**साड़ियों की गांठों के नीचे गांजा छिपाकर ला रहा था तस्कर**

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने शातिर अंतरराज्यीय तस्कर को किया गिरफ्तार, 60 लाख का 121 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच पुलिस ने शनिवार को उड़ीसा से एनसीआर क्षेत्र में गांजे की तस्करी/बिक्री करने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से करीब 60 लाख 50 हजार रुपए कीमत का 121 किलोग्राम नाजायज गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कैंटर गाड़ी बरामद किया गया। एडीसीपी (क्राइम) पीयूष सिंह ने बताया कि आरोपी मोहित यादव को कवि नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वह गांजा तस्कर उड़ीसा राज्य से कैंटर वाहन मे पुरानी साड़ियों के गांठो के नीचे गांजा छिपाकर दिल्ली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे सप्लाई करने के लिए तस्करी करके ला रहा था ।

**पूछताछ में आरोपी मोहित यादव ने पुलिस के सामने खोले कई राज**

पूछताछ में मोहित यादव ने पुलिस को बताया कि वह 12वीं पास है । पढाई छोड़ने के बाद उसने ट्रक ड्राईविंग सीखी तथा एटा मे छोटू नामक ड्राइवर के संपर्क मे आया और दोनो एक ही गाड़ी पर एटा में ड्राइविंग करने लगे । एटा में ही चोरी करने के अपराध में पिछले वर्ष मोहित व छोटू जेल चले गये थे। करीब 01 माह जेल मे रहकर बाहर आने कोटपुटली राजस्थाना चला गया तथा नैचाना ट्रांसपोर्ट पर बालू की गाड़ी चलाने लगा । 4-5 महीने काम करने के बाद पुनः वापस एटा आ गया । एटा में छोटू के माध्यम से छोटू के दोस्त देवराज निवासी कासगंज के संपर्क मे आया, जिसने मोहित को उडीसा राज्य से गांजा तस्करी कर पश्चिमी उत्तर-प्रदेश , दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लाकर बेचने से होने वाले फायदे से संबंध मे



बताया। गाँजा लेने वाली पार्टियाँ उनके पास है। मोहित को सिर्फ ड्राइविंग करके गाड़ी उडीसा से लानी है। जब भी माल आएगा प्रति चक्कर मोहित को 20 हजार रुपए देंगे । गांजा तस्करी के काम मे ज्यादा आमदनी होने के कारण मोहित ने लालचवश देवराज के कैंटर ट्रक पर ड्राइवरी का काम करना शुरू कर दिया। देवराज के साथ उसके ट्रक पर ड्राईवरी करते हुए वह दिल्ली, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से माल लोड करके उडीसा, पश्चिम बंगाल ले जाते थे और वापसी के दौरान ब्रहमपुरी उड़ीसा राज्य से अवैध गाँजे की तस्करी कैंटर ट्रक में लोड माल के बीच मे छिपाकर लाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने लगे।

## शातिर चैन लुटेरा सुकेश उर्फ राजा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कवि नगर पुलिस ने विवेकानंद तिराहा, महाराणा प्रताप चौक के पास मुठभेड़ के दौरान शातिर चेन लुटेरे सुकेश उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान चलाई गई गोली से सुकेश घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा चोरी के एक मोटरसाइकिल थाना व स्नेचिंग की गई मंगल सूत्र को गलाकर बनवाई एक पीली धातु की गोली एवं स्नैच किए गए मोबाइल को



बेचकर प्राप्त 800 रुपए बरामद किए हैं। एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के अंतर्गत टीम विवेकानंद तिराहा, महाराणा प्रताप चौक के पास सघन वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी कुछ देर बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार शास्त्री नगर चौराहे की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रोकने का इशारा किया गया तो वह रुका नहीं बल्कि पीछे की तरफ मुड़कर तेजी से जाने लगा कुछ दूर आगे चलकर जल्दबाजी में वह बाइक पास में ही सड़क के किनारे गिर गई। बाइक सवार व्यक्ति ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे पुलिस टीम अपने आप को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाए पैर में गोली लगी।

## खबर संक्षेप

### बीच सड़क पर पत्रकार को गोलियों से भून डाला

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में एक पत्रकार की हत्या से सनसनी फैल गई। पत्रकार अपने क्षेत्र में निकला था। हमलावर पहले से घात लगाए बैठे थे। जैसे ही पत्रकार को बाइक पर देखा तो अपनी गाड़ी से टक्कर मार कर गिरा दिया, इसके बाद बीच सड़क पर गोलियों से भून डाला और फिर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




### दलित बेटियों की शादी से पहले पहुंची पुलिस

**मथुरा।** यहां दो दलित बेटियों की शादी से पहले पूरे गांव में पुलिस फोर्स तैनात किया गया। पूरा गांव छावनी में तब्दील कर दिया गया। कई थानों की पुलिस फोर्स गांव में भ्रमण करती रही। इंस्पेक्टर से लेकर, सीओ और एसपी सिटी तक गांव पहुंचे और शादी से पहले के हालातों को जाना। दरअसल करनावल गांव में कुछ दिन पहले दो दलित बेटियों की शादी के दिन ही दबंगों ने काफी उत्पात मचाया था।



### सैनिक सम्मान के साथ जवान का अंतम संस्कार

**अमेठी।** सिलीगुड़ी में तैनात सेना के जवान की तबियत खराब होने से इलाज के दौरान मौत हो गई। जवान का शव गांव लाया गया और सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक जवान 2008 में सेना में तैनात हुआ। उनकी पोस्टिंग सिलीगुड़ी में थी। कुछ दिन पहले विनोद को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



# काशी विश्वनाथ मंदिर और श्री कृष्ण जन्मस्थान ने उपहार भेजे

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास और श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के बीच होली पर्व के अवसर पर उपहार आदान-प्रदान की नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत श्री काशी विश्वनाथ धाम से मथुरा उपहार भेजे गए।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के बीच एक अनोखी पहल हुई है। होली से पहले दोनों मंदिरों ने एक-दूसरे को उपहार भेजे हैं। यह आदान-प्रदान रंगभरी एकादशी और होली के दौरान हुआ। इससे दोनों धामों के भक्तों को आशीर्वाद मिलेगा।

**होली पर एक-दूसरे को अर्पित होंगे उपहार**

### नई परंपरा की शुरूआत

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने एक नई परंपरा शुरू की है। इसमें श्री कृष्ण जन्मस्थान, मथुरा के साथ उपहारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। होली से पहले रंगभरी एकादशी के शुभ अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर ने लड्डू गोपाल को उपहार भेजे हैं। बदले में लड्डू गोपाल ने भी बाबा विश्वनाथ को उपहार भेजे। यह दोनों धामों के बीच समन्वय और श्रद्धा का प्रतीक है।



### मथुरा के अधिकारियों ने इस विचार का स्वागत किया

इस अनोखी पहल के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अधिकारियों ने कृष्ण जन्मस्थान के अधिकारियों से बातचीत की। मथुरा के अधिकारियों ने इस विचार का स्वागत किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने कृष्ण जन्मस्थान, मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बात की। दोनों पक्षों ने इस पहल को लेकर उत्साह दिखाया।

शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में एक समारोह हुआ। सबसे पहले उपहारों को बाबा विश्वनाथ को अर्पित किया गया। फिर, मंदिर के अधिकारियों ने लड्डू गोपाल के लिए उपहार मथुरा भेजे। इसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण, विशेषकार्याधिकारी उमेश कुमार सिंह, और नायब तहसीलदार मिनी एल शेखर शामिल थे। मथुरा से बाबा विश्वनाथ के लिए उपहार भी उसी दिन भेजे गए।

## नीतीश कुमार ने लालू यादव को लपेटा

# हम लोगों ने महिलाओं को आगे लाने के लिए बहुत काम किया



एजेंसी ▶▶ पटना

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पटना स्थित जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सीएम नीतीश कुमार ने किया। इस मौके पर महिला दिवस की बधाई देते हुए नीतीश कुमार ने पूर्व सीएम और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर जुबानी हमला किया। कहा कि हम लोगों ने महिलाओं को आगे लाने के लिए बहुत काम किया लेकिन पहले जो नेता थे वे कुछ नहीं किए। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बिहार एक मात्र ऐसा राज्य है जिसने महिला दिवस के लक्ष्यों को पूरा किया है।

नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं को आगे लाने के लिए काम किया। नीतीश कुमार ने कहा कि इस मौके पर नारी शक्ति का वंदन और अभिनंदन करते हैं। खुशी की बात है कि भारी संख्या में महिलाएं सब जगह आगे बढ़ रही हैं। आप तो जानते ही हैं कि हम शुरू से ही महिलाओं को आगे बढ़ाए हैं। पहले जो नेता थे उन्होंने कुछ नहीं किया। नाम लिए बगैर उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा।

## गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले

# जो लोग राष्ट्र के नायकों का सम्मान नहीं करते, वे होते हैं मानसिक विकृति के शिकार

एजेंसी ▶▶ गौतमबुद्ध नगर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए जनता को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के बलिदान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और संघर्ष की प्रेरणा मिलती है।

सीएम योगी ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप को एक महानायक के रूप में स्थापित करता है। मात्र 20 हजार सैनिकों के साथ उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की लाखों की सेना का सामना किया। उन्होंने कहा कि अकबर और औरंगजेब कभी भी भारत के नायक नहीं हो सकते, क्योंकि उन्होंने राष्ट्र की आत्मा को आघात पहुंचाने का कार्य किया। सीएम ने कहा कि स्वतंत्र भारत में राष्ट्र नायकों की प्रेरणा के बल पर ही हम आगे बढ़ रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप को एक महानायक के रूप में स्थापित करता है। मात्र 20 हजार सैनिकों के साथ उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की लाखों की सेना का सामना किया। उन्होंने कहा कि अकबर और औरंगजेब कभी भी भारत के नायक नहीं हो सकते

### खास बातें

- महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया
- दादरी में 97 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

### बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश में विकास



सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि इतने बड़े आयोजन में एक भी लूट, अपहरण या डकैती की घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भगवान राम, कृष्ण और महादेव की भूमि है और यही कारण है कि यहां अब विकास की वर्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब पहचान और सुरक्षा का संकट नहीं है। बेटियां सुरक्षित महसूस कर रही हैं और आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसान हितैषी नीतियों को लागू कर रही है जिससे प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आए। जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी से नए युग की शुरुआत मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और फिल्म सिटी प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने बताया कि इस जिले में पूरे देश के 65% मोबाइल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर

सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश में 1500 करोड़ रुपए के निवेश की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर बनने से 1000 युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनियों के निवेश से हजारों लोगों को नौकरियां मिलने की संभावना है। इसके अलावा शारदा यूनिवर्सिटी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने 14 उद्यमियों को चेक वितरित किए और दादरी में 100 बेड का अस्पताल, खेल स्टेडियम, आईटीआई और बाईपास के निर्माण की घोषणा की।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति ने किया...

चाहिए जिसमें वे बिना किसी दबाव, भय के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव ही भयमुक्त सामाजिक वातावरण का निर्माण करेगा। ऐसे परिवेश में जिस समाज का निर्माण होगा। वह हमारे देश को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। समारोह में केंद्रीय डब्ल्यूसीडी मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहे।

**यूं होगा विकसित भारत का निर्माण:** एक स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के दम पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। यह हम सभी का संकल्प है और हमें इसे मिलकर पूरा करना है। उन्होंने पुरुषों से अपील की कि वो महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम में सहयोग करें। राष्ट्रपति ने महिलाओं से अपील की कि वे पूरे आत्मविश्वास, लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ें और देश, समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

**50 वर्षों में हुई अभूतपूर्व प्रगति:** उन्होंने कहा कि सम्मेलन की थीम बेहद प्रासंगिक है। क्योंकि आज ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परंपरा के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस कालखंड में महिलाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। अपनी व्यक्तिगत जीवन यात्रा को राष्ट्रपति मुर्मू इसी प्रगति की कड़ी मानती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के छोटे से परिवार व पिछड़े क्षेत्र में जन्म लेने से लेकर मेरी राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा भारत के समाज में नारी को मिले समानता के अवसर और सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण लगातार बढ़ते ही जाएंगे।

**मां के प्रयासों से आदर्श नागरिक बनते बच्चे:** राष्ट्रपति ने भारत ही नहीं दुनियाभर में कार्यबल में महिलाओं की कम भागीदारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका एक कारण वो सोच है कि महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल के लिए छुट्टी ले लेंगी या काम पर कम ध्यान दे पाएंगी। उन्होंने समाज के विचार के लिए प्रश्न छोड़ते हुए कहा कि क्या ये सोच सही है? हमें अपने आप से विचार करना होगा कि क्या बच्चों के प्रति जो भावी समाज का निर्माण करेंगे। उसमें समाज की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अगर कोई मां अपने बच्चे की देखभाल, शिक्षा के लिए छुट्टी लेती है तो उसका ये उद्यम भी समाज की भलाई के लिए ही है। क्योंकि एक मां ही अपने प्रयासों से बच्चे को आदर्श नागरिक बना सकती है।

**महिलाओं को मिले समान अवसर:** उन्होंने कहा, ऐसे दौर में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। तब महिलाओं को कार्यबल में भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा, रोजगार में समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। सही मौका मिलने पर हमारी बेटियां असाधारण सफलता प्राप्त कर सकती हैं। महिलाओं का कम समझने की मानसिकता को राष्ट्रपति ने दोषपूर्ण बताते हुए कहा, कुछ सामाजिक पूर्वाग्रह, रीति-रिवाज और प्रथाएं महिलाओं की प्रगति में बाधक रहे हैं। मैं हमेशा कहती हूं कि महिला और पुरुष किसी रथ के दो पहिए हैं। अगर रथ का एक पहिया ठीक ढंग से नहीं चलेगा तो रथ कैसे आगे बढ़ेगा। स्त्री-पुरुष दोनों को एक, दूसरे का सहयोग करना चाहिए।

**नहीं भूलेंगे महिला विभूतियों का योगदान:** देश में अनेक ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, ज्ञान और बल के दम पर ख्याति अर्जित कर न केवल सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। बल्कि देश, समाज की प्रतिष्ठा भी बढ़ाई। जब भी महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया गया। उन्होंने हमें निराश नहीं किया। राजनीति, खेल, विज्ञान, समाज सेवा सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। संविधान सभा की सदस्य रहीं सरोजिनी नायडू, सुचिता कृपलानी, राजकुमारी अमृत कौर और हंसाबेन मेहता जैसी विभूतियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

**महिला सशक्तिकरण के प्रयास जारी:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश की नारी शक्ति राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हर लिहाज से सशक्त बने और विकसित भारत के हमारे संकल्प को नेतृत्व प्रदान करे। उसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है। आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए लखपती दीदी कार्यक्रम चल रहा है, नमो ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के तकनीकी-आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है।

**महिलाओं का बढ़ता आत्मविश्वास:** राष्ट्रपति ने स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार के तमाम कदम महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने के साथ ही उन्हें जीवन में नई ऊंचाई छूने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हमारी बेटियां विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना पूरा योगदान दे सकें। उसके लिए जरूरी है कि उन्हें समाज में आगे बढ़ने के लिए और अधिक अच्छा वातावरण प्रदान करें।

### समझाया इस दिवस...

जा सकती है। हमारी संस्कृति में मां पार्वती, दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती को जीवन की पोषक व नैतिकता की संरक्षक शक्ति माना जाता है।

### आज भारत महिला...

नारायणी कहा गया है। नारी का सम्मान समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी है। इसलिए, भारत को विकसित देश बनाने के लिए, भारत के तेज विकास के लिए, आज भारत महिला-नेतृत्व वाले विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

**विकसित भारत में नारी शक्ति बड़ी भूमिका निभाएंगी:** पीएम ने कहा कि यहां नवसारी के इस कार्यक्रम में हम नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है। इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी महिलाएं हैं। कांस्टेबल, एसपी, डीएसपी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक, यहां सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। यह नारी शक्ति के सामर्थ्य का एक उदाहरण है। जब मैं आप सभी से मिलता हूं, तो मेरा विश्वास मजबूत होता है कि एक विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा और नारी शक्ति इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

**महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही:** प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

### राहुल ने अपनी...

कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा शनिवार को दिये बयान के बाद अब इसी को लेकर भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर पलटवार किया गया है।

**कुछ लोग जनता से कटे हुए:** अहमदाबाद में राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात का नेतृत्व, गुजरात के कार्यकर्ता, गुजरात के जिला अध्यक्ष (कांग्रेस), ब्लॉक अध्यक्ष, इनमें दो तरह के लोग हैं, विभाजन है। एक, जो जनता के साथ खड़े होते हैं, जनता के लिए लड़ते हैं, जनता का सम्मान करते हैं और जिनके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है और दूसरे वो जो जनता से कटे हुए हैं, दूर-दूर बैठते हैं, जनता का सम्मान नहीं करते और उनमें से आधे भाजपा में चले गए हैं, जब तक हम इन दोनों को स्पष्ट रूप से अलग नहीं करते, गुजरात की जनता हम पर विश्वास नहीं कर सकती।

**राहुल की विचित्र मनोस्थिति सामने आई:** त्रिवेदी ने कहा किये कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, लेकिन उनके द्वारा दिए गए बयान निश्चित रूप से एक बार फिर कांग्रेस की आंतरिक दुर्गति और राहुल गांधी की विचित्र मनोस्थिति को इंगित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और सरकारी एजेंसियों और मीडिया को दोष देते-देते राहुल गांधी ने अब अपनी ही पार्टी के नेताओं को दोष देना शुरू कर दिया है। मैं उन्हें सुझाव देना चाहूंगा कि वे थोड़ा आत्मचिंतन करें। यह कांग्रेस की खराब स्थिति और राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस में 2 प्रकार के लोग हैं, कोई इससे मिला हुआ है कोई उससे मिला हुआ है। अपनी पार्टी के लोगों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का ऐसा उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलेगा।

**सोनिया और राहुल के आने से स्थिति ज्यादा खराब:** भाजपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि हम राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि आप किस किस से मिले हुए हैं और आप जब विदेश जाते हैं, तो किस किस से मिलकर आते हैं और आपके साथ मिलने वाले लोग किस किस से मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि जबसे सोनिया और राहुल का दौर आया है, तबसे ही कांग्रेस की स्थिति गुजरात में ज्यादा खराब हुई है। उन्होंने कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाई। लेकिन आज तक कांग्रेस या गांधी परिवार का कोई भी नेता वहां नहीं गया। ये इस बात के प्रमाण है कि अपने नेताओं के प्रति भी इनका सम्मान बदल जाता है।

### भारत-न्यूजीलैंड आज ...

दोनों ही टीमों में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं।

**दोनों टीमों का स्क्वाड:** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम: विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओ' रूर्के, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, नाथन स्मिथ

**भारतीय क्रिकेट टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

### 9 राज्यों में खुलेगा...

जालना, लातूर, गोरेगांव), हरियाणा (गुरुग्राम), ओडिशा, नई दिल्ली और केरल (तिरुवनंतपुरम) में खोले गए हैं। इन केंद्रों में विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा, जिसमें शादी के रिश्ते को समझने, परिवार की भूमिका, भावनात्मक जुड़ाव और वैवाहिक जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे।

### आयरलैंड के राष्ट्रपति ...

दोनों की वार्ता में द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए सभी पहलुओं की समीक्षा की गई और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय व साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, गतिशीलता, संस्कृति, पर्यटन और लोगों से लोगों के संबंधों में हुई प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का मुद्दा भी दोनों नेताओं की चर्चा में शामिल रहा। साथ ही दोनों ने व्यापार और पेशेवरों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए नए विकल्पों की तलाश के मसले पर भी विचार-विमर्श किया। इसमें साइबर सुरक्षा, एआई, फिनटेक और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र मुख्य हैं।

**सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति:** मंत्रालय ने कहा कि आयरलैंड के विदेश मंत्री ने भारत के साथ अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. जयशंकर को एक एक्शन प्लान भी सौंपा। राजनयिक आदान-प्रदान के लिए दोनों पक्षों के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। संस्थागत सहयोग और राजनयिकों का प्रशिक्षण इसमें मुख्य रूप से शामिल रहेगा। द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों के महत्व को पहचानते हुए दोनों देशों ने भारत-आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग के गठन पर सहमति जताई। अपनी यात्रा में विदेश मंत्री ने डबलिन में रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी उनकी मुलाकात हुई।

### भारत-मॉरीशस के...

यात्रा हो रही है। जिसमें 12 मार्च को वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक दस्ता, नौसेना का युद्धपोत और वायुसेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम भी शामिल होगी। यात्रा में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें आपसी संबंधों से जुड़े सभी अहम मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही दोनों शीर्ष नेता मॉरीशस में कुछ अहम परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी करेंगे। इन परियोजनाओं को भारत की वित्तीय मदद से तैयार किया गया है।

**पारंपरिक रूप से होगा भव्य स्वागत:** विदेश सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 मार्च की सुबह पोर्ट लुइस पहुंचेंगे जहां उनका पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा में पीएम मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री और संस्थापक की स्मृति में बनाए गए सर शिवसागर रामगुलाम बॉटेनिकल गार्डन को देखने के लिए जाएंगे और वहां पर सर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मॉरीशस के मौजूदा राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री की शिष्टाचार मुलाकात होगी। मिस्री ने कहा, दोनों देशों के बीच के संबंधों का इतिहास साझा संबंधों और संस्कृति पर आधारित है। जो कई शताब्दियों से चले आ रहे हैं। बीते एक दशक में दोनों देशों के संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे प्रमुख भागीदारों के रूप में शामिल है।

**चागोस को लेकर जारी रहेगा समर्थन:** विदेश सचिव ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत ने चागोस के मामले पर संप्रभुता के नजरिए से मॉरीशस के रुख का समर्थन किया है। यह मामला हालांकि मॉरीशस और ब्रिटेन के बीच का है। लेकिन इसे लेकर हमने मॉरीशस के रुख का समर्थन किया है और यह आगे भी जारी रहेगा। जो कि गैर उपनिवेशवाद और बाकी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन के संदर्भ में भारत की दीर्घकालिक स्थिति के अनुरूप है। मॉरीशस जैसे भागीदारों के लिए उक्त समर्थन को स्पष्ट करना हमारे लिए उचित है। इस मामले पर जारी चर्चाओं के दृष्टिकोण से देखें तो वर्तमान में मॉरीशस और ब्रिटेन दोनों देशों में सत्ता परिवर्तन के साथ नई सरकार आ गई है। लेकिन मैं यह मानता हूं कि पीएम की मौजूदा यात्रा हमें एक अवसर प्रदान करेगी। जिसमें मॉरीशस द्वारा मामले से जुड़े कुछ बचे हुए मुद्दों के बारे में हमें अवगत कराया जाएगा। दोनों पक्षों के बीच साझा संतुष्टि और लाभप्रद समझौता उचित है।

**मॉरीशस के जन सेवकों को मिलेगा प्रशिक्षण:** दोनों देशों के बीच होने वाले एमओयू में एक समझौता अगले पांच साल के लिए किया जाएगा। जिसमें भारत के नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस में मॉरीशस के जनसेवकों (सिविल सर्वेंट्स) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने वालों में मॉरीशस की सीनियर लीडरशिप, मिडिल मैनेजमेंट और तकनीकी अधिकारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वित्तीय अपराधों से जुड़ा समझौता भारत की ईडी और मॉरीशस के फाइनेंशियल क्राइम कमीशन के बीच होगा। जिसका उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार रोधी गतिविधियों में सहयोग के लिए खुफिया जानकारी, तकनीकी सहायता का आदान-प्रदान करना है। व्हाइट शिपिंग समझौता समुद्री सुरक्षा से जुड़ा है। ये भारतीय नौसेना और मॉरीशस की अथॉरिटी के बीच होगा। मॉरीशस में उद्घाटित होने वाली परियोजनाओं में सिविल सर्वेंट कॉलेज, हेल्थ सेंटर मुख्य हैं। भारत ने बीते दशक में मॉरीशस को कंसॉलिडेटेड पोर्टफोलियो ऑफ डेवलपमेंट सहायता के तहत करीब 1.1 बिलियन डॉलर की धनराशि प्रदान की है। इसमें 729 मिलियन लाइन ऑफ क्रेडिट है और 427 मिलियन आउटट्राइट ग्रांट सहायता है।

